आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 28.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों में अपने संबोधन में सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला, कहा गांवों में कृषि, डेयरी और मत्स्य आधारित उद्योगों का विस्तार किया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- सांसद बिष्णु पद रे ने कल सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उनसे द्वीपसमूह से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने ज़िले के तीनों तहसीलों में स्थापित ई–कॉर्नर सेवा का लाभ उठाने के लिए ज़िले के निवासियों से अनुरोध किया है।
- निकोबार ज़िला पुलिस अधीक्षक सन्नी गुप्ता ने कहा कि पहली जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानून काफी क्रांतिकारी है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों में अपने संबोधन में सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला, और कहा कि दस साल में देश ग्यारहवें स्थान से उठकर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि देश ने महामारी और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि मौजूदा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने आज भारत को विश्वी की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है। अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार के कदमों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि केंद्र विनिर्माण, सेवाओं और कृषि को समान महत्व दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर पर्यटन और स्वास्थ्य से लेकर वेलनेस तक हर क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभर रहा है और इससे बड़ी संख्या में रोजगार और स्व–रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती और इससे संबंधित उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर रही है।

हरित पहल पर राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं में भी कई गुना वृद्धि की है और देश अपने जलवायु संबंधी लक्ष्यों को तय समय से पहले ही हासिल कर रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दस वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए आवंटन चार गुना से अधिक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी एक्ट ईस्ट पॉलिसी के अंतर्गत इस क्षेत्र को रणनीतिक प्रवेश द्वार बनाने के लिए काम कर रही है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा की गई पहलों पर प्रकाश डालते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए काम कर रहा है और पिछले दस वर्षों में क्षेत्र से संबंधित कई समस्याओं का समाधान किया गया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि क्षेत्र में तेजी से प्रगति के बाद अशांति वाले क्षेत्रों में अफस्पा को चरणबद्ध तरीके से हटाने का काम चल रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की और द्वीपसमूह के विकासात्मक मेगा परियोजनाओ के बारे में जानकारी दी। सांसद बिष्णु पद रे ने हाल ही में संसद में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे द्वीपसमूह से जुड़े कई मुद्‌दों पर चर्चा की। श्री बिष्णु पद रे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात कर उन्हें लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। इससे पहले दो दिन पूर्व श्री बिष्णु पद रे ने स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्‌डा से भी मुलाकात की और द्वीपों में स्वास्थ्य से जुड़े समस्याओं तथा इसमें सुधार पर बातचीत की। पिछले तीन दिनों में सांसद ने माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने एन. एच. सड़क पुनर्निर्माण और अन्य सड़कों से संबंधित मांगों के साथ दो पत्र सौंपे। श्री गडकरी ने उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा की गई।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने ज़िले के तीनों तहसीलों में स्थापित ई–कॉर्नर सेवा का लाभ उठाने के लिए ज़िले के निवासियों से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि ये सेवा निःशुल्क है। ज़िला प्रशासन का यह प्रयास है कि आवेदनकर्ताओं के अनुरोध का समाधान पन्द्रह दिनों के भीतर कर दिया जाए।

<><><><><><><>

पहली जुलाई से लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी देने के लिए कल निकोबार ज़िला पुलिस अधीक्षक सन्नी गुप्ता ने वर्चुअल माध्यम से मीडिया से बात की। अबरडीन थाने के सम्मेलन कक्ष में वी सी के माध्यम से जानकारी देते हुए ज़िला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों में कई बदलाव किए गए हैं और इसमें कई प्रक्रियाओं को समय के भीतर पूरा करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में मिलने वाली तारीख पे तारीख से छुटकारा मिलेगा और सुनवाई जल्द पूरी होगी। नए कानून में बयान को रिकॉर्ड करने की व्यवस्था, एफ आई आर की प्रगति की जानकारी देने की व्यवस्था और इसकी कॉपी दोनों पक्षों को देने की भी व्यवस्था की गई है। प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान दिया गया है। पीड़ित के अधिकार पर और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि एफ आई आर दर्ज कराने के लिए अब देश के नागरिक देश के किसी भी कोने से एफ आई आर दर्ज करा सकते हैं। संबंधित राज्यों या केन्द्रशासित प्रदेशो में स्थित थानों में इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा ई–एफ आई आर का भी प्रावधान किया गया है। श्री सन्नी गुप्ता ने कहा कि नए कानूनों को लागू करने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि बिना किसी परेशानी के इन कानूनों को लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून काफी क्रांतिकारी है।

<><><><><><><>

सी कैडेट कॉर्प्स में प्रवेश के लिए सातवीं कक्षा या इससे आगे की पढ़ाई कर रहे योग्य लड़के, लड़कियों से आवेदन मांगे गए हैं। ग्यारह से चौदह वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार आठ सौ रूपये प्रवेश शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से एक बजे के बीच आई एन एस जारवा के गनरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। पांच वर्ष अवधि के पाठ्यक्रम के लिए छब्बीस जुलाई आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

<><><><><><><>

पहली जुलाई से जंगलीघाट के कुछ लिंक रोड को वाहनों के लिए एक–तरफा घोषित किया गया है। प्रयोग के तौर पर पहली जुलाई से मिताली बुक स्टोर से रविन्द्र बांग्ला विद्यालय जंक्शन और चेन्नई स्टोर के सामने से मारूति एजेंसी हाउस जंक्शन की सड़क को एक–तरफा किया जा रहा है। आर बी वी से मिताली बुक स्टोर और मारूति एजेंसी हाउस से नीचे चेन्नई स्टोर के सामने की सड़क का इस्तेमाल किया जा सकेगा। दुपहिया वाहनों, आपातकालीन सेवा के वाहनों को ही दोनों ओर से आने–जाने की अनुमति होगी। यातायात पुलिस ने इस प्रणाली को प्रयोग के तौर पर लागू करने के लिए आम जनता से सहयोग की कामना की है।

<><><><><><><>

एम. वी. स्वराज द्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा। अतिरिक्त सामान की जांच आज दिन में दो बजे से चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा कल सुबह आठ बजे आरंभ होगी। जहाज दिन में दस बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में कल वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े पांच बजे तक............मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी जानकारी में कोई विशेष चेतावनी नही है।

<><><><><><><>